परेशानी ▶ 8 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला 150 मीटर लंबा पुल अधूरा, डायवर्सन मार्ग से बढ़ा खतरा

# भीमगढ़ पुल निर्माण की सुस्त रफ्तार, ग्रामीण परेशान

**सिवनी नवभारत।** भीमगढ़ क्षेत्र में वैनगंगा नदी पर निर्माणाधीन नया पुल ग्रामीणों के लिए सुविधा बनने की बजाय परेशानी का कारण बनता जा रहा है। मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे इस निर्माण कार्य की रफ्तार बेहद धीमी है। महीनों बीत जाने के बाद भी करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला 150 मीटर लंबा पुल अधूरा पड़ा है। नतीजतन छपारा विकासखंड सहित भीमगढ़ और आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।





निर्माणाधीन पुल के बगल से बनाया गया डायवर्सन मार्ग नाम मात्र का है। सड़क समतल नहीं होने, पर्याप्त मुरम और सुरक्षा इंतजाम न होने के कारण वाहन चालकों को पानी के भीतर से निकलना पड़ रहा है। स्कूली छात्र-छात्राएं, दोपहिया चालक और पैदल राहगीर हर दिन जोखिम उठाकर इस रास्ते से गुजर रहे हैं। बारिश के समय पानी का बहाव तेज हो जाता है, जिससे फिसलने और वाहन बह जाने का खतरा बना रहता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

ग्रामीणों के अनुसार छपारा से भीमगढ़ होते हुए केवलारी को जोड़ने वाला यह मार्ग क्षेत्र की प्रमुख सड़क है। इसी रास्ते से ग्रामीण बाजार, स्कूल, अस्पताल और सरकारी कार्यालयों तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पुल निर्माण की धीमी गति के कारण समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है। कई बार मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भी इसी खतरनाक रास्ते से ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, सिवनी इकाई-2 के अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने नहीं पहुंचते। निर्माण कार्य की निगरानी नहीं होने से ठेकेदार अपनी सुविधा अनुसार काम कर रहा है। काम की गति बेहद धीमी है और गुणवत्ता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बाढ़ में बहा था पुराना पुल, तेजी से निर्माण कराने की मांग

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि पुल निर्माण कार्य को तय समय-सीमा में पूरा कराया जाए। साथ ही सुरक्षित और मजबूत डायवर्सन मार्ग की तत्काल व्यवस्था की जाए, ताकि आम लोगों को जोखिम उठाकर आवागमन न करना पड़े। ग्रामीणों ने लापरवाह अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग उठाई है। वर्ष 2020 में भीमगढ़ बांध के सभी 10 गेट खोले जाने के दौरान वैनगंगा नदी में भारी जलप्रवाह हुआ था। करीब दो लाख क्यूसेक पानी के तेज बहाव में पुराना भीमगढ़ पुल बह गया था। इसके बाद नए पुल के निर्माण की आवश्यकता सामने आई, लेकिन जिस उद्देश्य से यह काम शुरू किया गया था, वह अब तक पूरा होता नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर निर्माण होता, तो आज यह समस्या नहीं होती।

## एक नजर में

### जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक आज

सिवनी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के अन्तर्गत आने वाले समस्त ब्लॉको में ब्लॉक कार्यकारिणी/मंडलम/सेक्टर अध्यक्षों की नियुक्ति एवं एसआईआर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के साथ विधानसभा वार बढ़े हुये बूथों में बीएलए-2 की नियुक्ति एवं पंचायत कमेटी के गठन के संबंध में अति आवश्यक बैठक दिनांक 3 जनवरी शनिवार को दोपहर 12 बजे, कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी में आहूत की गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गणो, मोर्चा संगठन/प्रकोष्ठ एवं विभाग के अध्यक्ष गण एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित सभी विधानसभा प्रभारी गणो से अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

### मोहगांव गुरूद्वारा में विभिन्न कार्यक्रम आज

सिवनी। शनिवार 03 जनवरी सुबह 11.00 बजे से गुरुद्वारे मोहगांव के नए भवन में श्री गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश होवेगा। एवं दशम पातशाह,साहिब ए कमाल श्री गुरुगोविन्द सिंघ जी महाराज जी के प्रकाश पूरब नू मुख रखदे होये कीर्तन दीवान सजेगा। इस मौके पर जबलपुर से आ रहे हजूरी रागी जत्था अपनी अमृतमयी शब्द वाणी से समूह साध संगत को निहाल करेंगे। 1.30बजे समाप्ति अरदास होंगी। इसके उपरान्त गुरूद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा मोहगांव सड़क नागपुर में अरदास गुरुमहाराज का प्रसाद वितरित होगा।

### श्रीमद् भागवत सप्ताह भक्ति ज्ञान यज्ञ 8 तक

सिवनी। जिले की लखनादौन तहसील में आने वाला थूमा गांव जहां से 5 किलोमीटर की दूरी पर गोटेगांव रोड में बंजारी माता मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 1 जनवरी से 8 जनवरी 2026 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1:00 से 5:00 तक रहेगा कथा व्यास श्री सतीश महाराज जी जबलपुर के मुखारविंद से भगवत गीता ज्ञान यज्ञ सुनने और धर्म लाभ लेने अवश्य पधारे

### श्रमोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

**सिवनी।** श्रम पदधिकारी सिवनी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग के अंतर्गत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बालक-बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के चार बड़े शहरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में श्रमोदय आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की प्रक्रिया 20 जनवरी तक म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल www.mpsos.nic.in के माध्यम से की जा सकती है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 08 फरवरी 2026 को किया जाएगा। परीक्षा के प्रवेश पत्र भी उक्त पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला सिवनी से संपर्क कर सकते हैं।




# ग्राम रोजगार सहायक के साथ अभद्रता, संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी

### एफआईआर न होने पर संगठन में है रोष

**घंसौर नवभारत।** सिवनी जिले के घंसौर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बरेला में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक श्वेता धर्मक के साथ अभद्रता एवं जातिसूचक गाली-गलौज का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम बरेला निवासी रवि प्रसाद यादव द्वारा उनके घर पहुंचकर गाली-गलौज एवं अपमानजनक व्यवहार किया गया। घटना के समय उपसरपंच सुनीता बैगा, पंचम बैगा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

पीड़िता द्वारा घंसौर थाना में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न कर केवल एनसीआर दर्ज की गई, जिससे संगठन में आक्रोश व्याप्त है। ग्राम रोजगार सहायक संगठन जनपद पंचायत घंसौर ने इस मामले को गंभीर बताते हुए थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज करने हेतु 7 दिवस का समय दिया है। संगठन ने अनुविभागीय दंडाधिकारी घंसौर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी तीन दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो ग्राम रोजगार सहायक संगठन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।



## दिव्यांगों को खुद का रोजगार करने के लिए मिली वेट मशीन

**सिवनी नवभारत।** कलेक्टर शीतला पटले द्वारा न्यू पहल एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिव्यांगजनों सरोज चौरसिया, रिखीराम नायक व मोहम्मद नसीम खान को उनके आय के स्त्रोत सुदृढ़ करने हेतु वेट मशीन प्रदान की गई। इस अवसर पर कलेक्टर पटले ने दिव्यांगजनों से उनके द्वारा की जा रही आजीविका संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने न्यू पहल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। साथ ही कलेक्टर श्रीमती पटले ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी, सिवनी को निर्देशित किया कि पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना अंतर्गत पात्रतानुसार इन दिव्यांगजनों को उनके छोटे व्यवसाय के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाए। वेट मशीन प्राप्त कर दिव्यांगजनों में प्रसन्नता देखी गई। इस अवसर पर न्यू पहल संस्था के अध्यक्ष मिन्हाज अहमद सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## उगली क्षेत्र में कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**उगली नवभारत।** गत दिवस जिले की नवागत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एक दिवसीय आकस्मिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली क्षेत्र की अपने जिले की अंतिम सीमा बॉर्डर के निरीक्षण के उपरांत खरीफ की फसल धान उपार्जन केंद्रो पर पहुंचकर क्षेत्रीय समस्याओं से रूबरू हुई। कलेक्टर का अपने सिवनी जिले में पद स्थापना के पश्चात यह भ्रमण कार्यक्रम प्रथम बार ही हुआ जिसको लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने में अपने क्षेत्र की ज्वलंतशील मुद्दों के ऊपर आवेदन देकर मैडम से ध्यान आकर्षित करने का आग्रह किया, जिसको गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के द्वारा इन समस्याओं को शीघ्र निराकरण के संबंध में आश्वासन दिया गया। कलेक्टर के द्वारा कार्यक्रम में केवलारी के समस्त विभागों के अनुविभागीय अधिकारी, एसडीएम महेश अग्रवाल नायब तहसीलदार दीक्षा वासनिक थाना प्रभारी उगली सदानंद गोदेवार मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री लाखरा जीपी डबल्यु डीबी एस परतेती सीईओ जनपद सीईओ प्रांजल पाठक एवं पीएचसी, शिक्षा विभाग से ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संबंधित विभागों के सभी कार्य प्रमुख उपस्थित रहे। कलेक्टर ने उगली विश्राम गृह में लंच करने के बाद सरेखा, पां. छपारा क्षेत्र में पहुंचकर उपार्जन केंद्रों का निरिक्षण करते हुए, दोरेंदा बार्डर होते हुए अपने मुख्यालय के लिये रवाना हुई।

# श्रीमद् भागवत कथा में सुनाई सुदामा चरित्र की मार्मिक कथा

**सिवनी नवभारत।** जिले के छपारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम प्रतापगढ़ में नागेश परिवार के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस पावन कथा का वाचन पूज्य पंडित उमानंद शास्त्री जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। कथा श्रवण हेतु क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। षष्ठम दिवस पर श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन कथा के षष्ठम दिवस पर पूज्य शास्त्री जी ने भगवान श्री बांकेविहारी जी की अलौकिक लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। इस दौरान मामा कंस वध का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अधर्म, अत्याचार और अहंकार का नाश कर धर्म की स्थापना की।







**रुक्मणी हरण एवं विवाह प्रसंग से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु**

कथा में रुक्मणी हरण एवं विवाह की अत्यंत भावपूर्ण कथा सुनाई गई। शास्त्री जी ने कहा कि रुक्मणी माता का श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम और समर्पण भक्त और भगवान के मिलन का प्रतीक है। भजन-कीर्तन के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

कथा के सप्तम एवं अंतिम दिवस पर गरीब सुदामा चरित्र की मार्मिक कथा सुनाई जाएगी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की निष्काम मित्रता, त्याग और सच्चे प्रेम का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया जाएगा। महाराजश्री ने कहा कि कैंची नहीं, सुई बनकर रहो। कथा के दौरान पूज्य शास्त्री जी ने समाज को संदेश देते हुए कहा समाज में रहो तो कैंची नहीं, सुई बनकर रहो। उन्होंने बताया कि कैंची की तरह कुछ लोग समाज और परिवार को तोड़ने का कार्य करते हैं, जबकि सुई टूटे रिश्तों को जोड़ने का कार्य करती है। समाज में प्रेम, सहयोग और सद्भावना बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सुई जैसा बनना चाहिए।

# मंत्री विजय शाह से प्रदेश अध्यक्ष बीएस परतेती ने की मुलाकात

**सिवनी नवभारत।** गोंड समाज महासभा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बी एस परतेती के नेतृत्व में भोपाल संभाग अध्यक्ष डी एस उइके, जिला अध्यक्ष विजय सिंह वट्टी, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विवेक धुर्वे, प्रदेश संरक्षक युवा प्रकोष्ठ घनश्याम सिंह मर्सकोले, जिला प्रचार मंत्री दिलीप पंद्राम, उमरिया जिला अध्यक्ष दलवीर सिंह तेकाम, सहित अन्य पदाधिकारियों ने शासन के जनजाति कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह जी से उनके निवास भोपाल में सौजन्य भेंट कर पुष्प गुच्छ और गोंडी कैलंडर देकर अभिनंदन किया। तत्पश्चात समस्त पदाधिकारियों का परिचय कराया गया और जनजाति समुदाय की विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक आदि विषयों पर सार्थक परिचर्चा के साथ ही मध्यप्रदेश में जनजाति कार्य विभाग द्वारा किए गए और किए जा रहे कार्यों/ योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और संगठन द्वारा दिए गए मांग पत्रों पर भी त्वरित कार्यवाही करने को कहा गया।



# समाजसेवा के लिए वर्ष भर छाया रहा सद्भाव ग्रुप



**सिवनी नवभारत।** सिवनी शहर का सद्भभाव ग्रुप वर्ष भर छाया रहा । जिसने शहर में समाज सेवा के साथ अपने ग्रुप में सदस्यों की भी मदद की है। इसके साथ फ्रेंडली एंजॉय में यह ग्रुप सोशल मीडिया में छाया रहा। अलग-अलग थीम में ग्रुप की बनाई गई रीले लाखों की संख्या में पसंद की जा रही है।

ग्रुप के संरक्षक आशीष टिंकू ठाकरे ने बताया कि जब 40 की उम्र के बाद लोग अपने जीवन में इतना उलझ जाते हैं कि अपने स्वास्थ के प्रति लापरवाही के साथ जीने की कला को भूल जाते है। उन लोगों को प्रेरणा देता है शहर का सबसे बड़ा फ्रेंडली सद्भाव परिवार जो खेल कूद और स्वास्थ के प्रति सजग रहने के साथ , समाजिक गतिविधियों में अग्रणी रहता है।सद्भाव ग्रुप आज सोशल मीडिया में सबसे ज्यादा सक्रिय और लोगो की पहली पसंद बना हुआ है। इस ग्रुप के अध्यक्ष नवल ठाकुर, संरक्षक करम बघेल, गोलू सक्सेना, आशीष टिंकू ठाकरे ऋषिकांत त्रिवेदी, पिंकी उपाध्याय, अनिल जयसवाल है । ग्रुप के सभी सम्मानित सदस्य जो हर सामाजिक राजनीतिक सांस्कृतिक और खेलकूद से संबंधित गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता हैं। किसी भी आपदा से ग्रसित परिवार की आर्थिक मदद करता है। गौरतलब है कि ए ग्रुप लगभग 10 वर्षों से लगातार सक्रिय है। जिसमें वर्ग, हर समाज और हर पैशे के सदस्य शामिल है।

# भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 21 से

## द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक 4 जनवरी को

**सिवनी नवभारत। सीलादेही स्थित शंकराचार्य आश्रम परिसर में आगामी 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक आगामी 04 जनवरी रविवार को दोपहर 12.00 बजे आयोजित की जा रही है। यह बैठक ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानंद जी की विशेष उपस्थिति में संपन्न होगी।**

### तैयार होगी कार्ययोजना

पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी सरस्वती महाराज के पावन मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस भव्य धार्मिक आयोजन की सफलता, गरिमा एवं सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैठक में विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा भी की जाएगी।

आयोजन समिति ने सभी गुरुभाइयों, बहनों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे 04 जनवरी रविवार को दोपहर 12 बजे सीलादेही स्थित शंकराचार्य आश्रम परिसर आयोजित बैठक में उपस्थित होकर सेवा, सहयोग एवं सुझाव के माध्यम से इस पावन आयोजन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी सरस्वती महाराज के प्रतिनिधि एवं कार्यक्रम संयोजक ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानंद जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### देशभर से संत-महात्मा एवं वीवीआईपी होंगे शामिल

आयोजन समिति ने जानकारी दी कि द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से संत-महात्मा, धार्मिक विद्वान एवं वीवीआईपी अतिथि शामिल होंगे। आयोजन की गरिमा के अनुरूप आवास, भोजन, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समिति के अनुसार बैठक में विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर विचार किया जाएगा।

### गंगेरूवा बाजार क्षेत्र में आवारा कुत्तों से बढ़ा खतरा

**सिवनी।** बरघाट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गंगेरूवा (धपारा) में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। बाजार चौक क्षेत्र में लंबे समय से आवारा कुत्तों का जमावड़ा बना हुआ है। क्षेत्र में स्थित चिकन और अंडों की दुकानों के आसपास फैली गंदगी के कारण कुत्ते लगातार एकत्रित हो रहे हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल है। ताजा घटना में एक आवारा कुत्ते ने बुजुर्ग महिला बसंती बाई चौधरी, पति रामलाल चौधरी, पर उनके घर में घुसकर हमला कर दिया। महिला को गंभीर चोटें आई हैं और उनका उपचार सिवनी जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है। अब तक न तो बाजार क्षेत्र की गंदगी हटाई गई है।

# डॉ. अमित सुलखिया हुए एचएमएआई होम्योपैथिक सेमिनार में सम्मिलित



**सिवनी नवभारत।** जबलपुर तेइसवीं एचएमए आई होम्योपैथी संगोष्ठी का आयोजन कोलकाता में होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन द्वारा किया गया। जिसमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय होम्योपैथिक विशेषज्ञ द्वारा अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। तीन दिवसीय इस आयोजन में होम्योपैथिक में किए गए रिसर्च की जानकारी सभी चिकित्सकों को दी गई एवं सभी की जानकारी के लिए स्मारिका का विमोचन किया गया। आयोजन में शहर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा डॉ. अमित सुलखिया आजीवन सदस्य सम्मिलित हुए एवं अपने विचार सेमिनार में रखें। कार्यक्रम में प्रदेश को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। सेमिनार में जबलपुर से डॉ. आरके चतुर्वेदी, अध्यक्ष डॉ. आरके गुप्ता, डॉ. अवधेश भट्ट, डॉ. तुलाराम जड़िया, डॉ. अली, डॉ. वीरेंद्र, डॉ. विकास, डॉ. अमित सुलखिया , डॉ. सरकार, डॉ. ललित चतुर्वेदी सहीत सभी प्रदेशों से हजारों चिकित्सक सम्मिलित हुए। मध्यप्रदेश होम्योपैथिक संगठन द्वारा 50 वर्षों की यात्रा का एग्जीबिशन लगाया गया, जिसकी प्रशंसा की गई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अरूण अग्रवाल पिता श्री दुर्गाप्रसाद अग्रवाल उम्र 49 वर्ष निवासी गंगानगर छिंदवाडा रोड सिवनी, तहसील व जिला सिवनी म.प्र. का नि. लि. कथन शपथपूर्वक करता/करती हूँ:- 1. यह कि में शपथकर्ता उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं। 2. यह कि मेरे पुत्र की 10 वी की अंकसूची जिसका रोल नं. 19198995 है जिसकी अंकसूची में पुत्र का नाम VED ARUN AGRAWAL है एवं पिता का नाम ARUN AGRAWAL दर्ज है एवं माता का नाम SANGEETA AGRAWAL दर्ज है जिसमें पुत्र का नाम त्रुटिपूर्ण है। 3. यह कि उक्त मेरे पुत्र की 10 वी की अंकसूची में पुत्र का नाम VED ARUN AGRAWAL के स्थान पर VED AGRAWAL सुधार कर दर्ज किया जावे जिस हेतु शपथपत्र प्रस्तुत है। 4. यह कि मेरे द्वारा दी गई संपूर्ण जानकारी सत्य व सही है। भविष्य में नाम के संबंध में कोई भी वाधा या आपत्ति पाये जाने पर में स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

शपथकर्ता

# कारखानों व दुकानों के लिए श्रम स्टार रेटिंग प्रमाणन सुविधा प्रारंभ

**सिवनी नवभारत।** श्रम पदाधिकारी सिवनी मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग द्वारा सभी उद्योगों, कारखानों, दुकानों एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए श्रम स्टार रेटिंग प्रमाणन प्रणाली प्रारंभ की गई है। इस पहल का उद्देश्य श्रम विभाग के अंतर्गत पंजीकृत संस्थानों में श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करना है।

श्रम पदाधिकारी सिवनी ने बताया कि श्रम स्टार रेटिंग प्रणाली के माध्यम से संस्थानों को श्रम कानूनों के पालन हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही स्वमूल्यांकन की प्रक्रिया से अनुपालन की स्थिति को पारदर्शी बनाया जाएगा। इससे बेहतर कार्य-संस्कृति, सामाजिक सुरक्षा एवं जिम्मेदार नियोक्ता व्यवहार को बढ़ावा मिलेगा तथा सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और सतत सुधार को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक संस्थान पोर्टल पर जाकर श्रम स्टार रेटिंग हेतु प्रमाणन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए संबंधित जिला श्रम कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।